**शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली**

**मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र**

**सत्र: 2025-26**

**कक्षा - बारहवीं**

**अर्थशास्त्र (कोड: 030)**

**निर्धारित समय : 3** घंटे **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देश :-**

1. इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं:
   खंड अ - समष्टि अर्थशास्त्र
   खंड ब - भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास
2. इस प्रश्न पत्र में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक 1 अंक के हैं।
3. इस प्रश्न पत्र में 4 अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं और तीन अंक के हैं और इनमें से प्रत्येक के उत्तर 60 से 80 शब्दों में दीजिए।
4. इस प्रश्न पत्र में 6 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं और चार अंक के हैं इनमें से प्रत्येक के उत्तर 80 से 100 शब्दों में दीजिए।
5. इस प्रश्न पत्र में 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और छः अंक के हैं इनमें से प्रत्येक के उत्तर को 100 से 150 शब्दों में दीजिए।

**प्रश्न संख्या** **खंड अ - समष्टि अर्थशास्त्र** अंक

1 निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता मुद्रा पूर्ति (M1) की विशेषता नहीं है, पहचान कीजिए :-

(i) इसे समय बिंदु पर मापा जाता है। [1]

(ii) इसमें सरकार द्वारा रखे गए मुद्रा भंडार शामिल नहीं होते हैं।

(iii) यह सदैव किसी देश के केंद्रीय बैंक के हाथों में मौजूद मुद्रा होती है।

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

विकल्प:-

(अ) (I) और (II)
(ब) (II) और (III)
(स) केवल (II)
(द) केवल (III)

2 निम्नलिखित में से कौनसा कार्य वाणिज्यिक बैंक का कार्य नहीं है?

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।) [1]

विकल्प:-

(अ) जमा स्वीकार करना

(ब) नोट जारी करना

(स) ऋण देना

(द) साख का सृजन

3 निम्नलिखित में से सही समीकरण की पहचान कीजिए :-

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।) [1]

विकल्प:-

(अ) $GDP_{MP}$ = $NNP_{FC}$ + स्थिर पूँजी का उपभोग

(ब) $NDP_{FC}$ = $NNP_{FC}$ + निवल अप्रत्यक्ष कर

(स) $GNP_{MP}$ = $GDP_{MP}$ + विदेशों से प्राप्त निवल साधन आय

(द) $NNP_{FC}$ = $NDP_{MP}$ + स्थिर पूँजी का उपभोग

4 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढिये: -

**कथन 1:-** किसी राष्ट्र की आर्थिक सीमा और राजनीतिक सीमा, एक समान है। [1]

**कथन 2:-** भारत में स्थित अमेरिकी दूतावास भारत के आर्थिक सीमा का एक हिस्सा है।

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

विकल्प:-

(अ) कथन 1 सत्य और कथन 2 असत्य है।

(ब) कथन 1 असत्य और कथन 2 सत्य है।

(स) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(द) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

5 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढिये: -

**कथन 1:-** मुद्रा एक वस्तु है, जिसे सामान्यतः विनिमय के माध्यम के रूप में स्वीकार किया जाता है। [1]

**कथन 2:-** मुद्रा ने आवश्यकताओं के दोहरे संयोग की समस्या का समाधान कर दिया।

दिए गए कथनों के आधार पर, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए ।

विकल्प:-

(अ) कथन 1 सत्य और कथन 2 असत्य है।

(ब) कथन 1 असत्य और कथन 2 सत्य है।

(स) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(द) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

6 निम्नलिखित में से कौनसा कथन किसी अर्थव्यवस्था के संदर्भ में असत्य है, पहचान कीजिए :-

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।) [1]

विकल्प:-

(अ) सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की तुलना में सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) अधिक हो सकता है।
(ब) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) अधिक हो सकता है।
(स) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) और सकल घरेलू उत्पाद (GDP) दोनों बराबर हो सकते है।
(द) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) और सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का योग सदैव शून्य (0) के बराबर होता है।

7 निम्लिखित कथनों को पढिये - अभिकथन (A) और कारण (R) सही विकल्प का चयन कीजिए। [1]

**अभिकथन (A)** - वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद, मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में किसी राष्ट्र की आर्थिक वृद्धि का बेहतर संकेतक है।

**कारण (R)** - वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद, चालू वर्ष की कीमतों पर वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य को मापता है।

**विकल्प :-**

(अ) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(ब) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(स) अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।
(द) अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

8 दिए गए कॉलम I और कॉलम II में तथ्यों के ***<u>सत्य</u>*** युग्म का चयन कीजिए: - [1]

| | **कॉलम I** | | **कॉलम II** |
|---|---|---|---|
| अ | संपत्ति से प्राप्त आय | (i) | वृद्धावस्था पेंशन |
| ब | उद्यमिता से आय | (ii) | लाभ |
| स | मिश्रित आय | (iii) | नियोक्ता से प्राप्त निःशुल्क आवास किराया |
| द | कर्मचारियों की क्षतिपूर्ति | (iv) | पूँजी से ब्याज |

(सही विकल्प का चयन कीजिए।)

विकल्प:-

(अ) अ - I
(ब) ब - II
(स) स - III
(द) द - IV

9 निम्नलिखित कथनों को पढिये - अभिकथन (A) और कारण (R) सही विकल्प का चयन कीजिए। [1]

**अभिकथन (A)** - सार्वजनिक वस्तुएँ वे वस्तुएँ हैं, जिनका उपभोग सामूहिक रूप से जनता द्वारा किया जाता है।

**कारण (R)** - सार्वजनिक वस्तुओं की प्रकृति गैर- अपवर्जनीय एवं प्रतिद्वन्दात्मक होती हैं।

**विकल्प :-**

(अ) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ब) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(स) अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।

(द) अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

10 वह बजट जिसके अंतर्गत सरकार अपने द्वारा एकत्रित राजस्व के बराबर राशि खर्च कर सकती है, उसे ______ कहा जाता है। [1]

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

**विकल्प :-**

(अ) अधिशेष बजट

(ब) घाटे का बजट

(स) संतुलित बजट

(द) अपस्फीतिकारी बजट

11 राष्ट्रीय आय ज्ञात करने की व्यय विधि से संबंधित किन्हीं दो सावधानियों की व्याख्या कीजिए। [3]

12 "सरकार सामान्यतः सिगरेट, तंबाकू, शराब आदि जैसे सामाजिक रूप से अवांछनीय उत्पादों पर उच्च दर से वस्तु एवं सेवा कर (GST) लगाती है।" उपरोक्त कथन में संकेतिक सरकारी बजट के उद्देश्य की पहचान कर व्याख्या कीजिए। [3]

अथवा

दो दोस्त, रमेश (एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर) और पीहू (एक बेकरी मालिक) कर भुगतान के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था में अपने योगदान पर चर्चा कर रहे हैं। रमेश प्रति वर्ष ₹8,00,000 कमाता है, उसे आयकर देना पड़ता है। पीहू केक और पेस्ट्री की बिक्री पर वस्तु एवं सेवा कर (GST) का भुगतान करता है।

दिए गए अनुच्छेद के आधार पर, पहचान कीजिए कि रमेश प्रत्यक्ष कर दे रहा है या अप्रत्यक्ष कर। दोनों प्रकार के करों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। [3]

13 उपयुक्त तर्कों के आधार पर निम्नलिखित कथनों की पुष्टि कीजिए।

(i) किसी अर्थव्यवस्था में मुद्रा की पूर्ति स्टॉक चर का एक उदाहरण है। [2]

(ii) केंद्रीय बैंक सरकार को कई बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करता है। [2]

अथवा

मान लीजिए कि एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में केंद्रीय बैंक आरक्षित अनुपात को 8% से बढ़ाकर 10% कर देता है और कुल प्राथमिक जमा राशि ₹5,000 है। वाणिज्यिक बैंकों द्वारा साख सृजन पर आरक्षित अनुपात में वृद्धि के प्रभाव की व्याख्या कीजिए। [4]

14 निम्नलिखित काल्पनिक आँकड़ों के आधार पर वर्ष 2020-21 को आधार वर्ष मानकर वर्ष 2022-23 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में प्रतिशत परिवर्तन की गणना कीजिए। [4]

| वर्ष | मौद्रिक GDP (करोड़ रुपये में) | मौद्रिक GDP (आधार कीमतों के अनुसार समायोजित) |
|---|---|---|
| 2020 - 21 | 6000 | 8000 |
| 2022 - 23 | 8000 | 12000 |

15 केंद्रीय बैंक के निम्नलिखित कार्यों पर संक्षेप में चर्चा कीजिए:

I. बैंकों का बैंक [2]

II. अंतिम ऋणदाता [2]

16 (क)

(i) मान लीजिए, एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में केवल तीन फर्में हैं, X, Y और Z ।
अर्थव्यवस्था में एक वर्ष के दौरान निम्नलिखित लेन-देन हुए:-

i. फर्म X ने फर्म Y को ₹ 20,000 और फर्म Z को ₹12,000 मूल्य की वस्तुएँ बेची।

ii. फर्म Y ने फर्म X को ₹ 11,000 और फर्म Z को ₹35,000 मूल्य की वस्तुएँ बेची।

iii. फर्म Z ने अंतिम उपभोग के लिए परिवारों को ₹57,000 मूल्य की वस्तुएँ बेची।

दिए गए अर्थव्यवस्था में लेन-देन के आधार पर बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद ($GDP_{MP}$) का मूल्य ज्ञात कीजिए । [4]

(ii) दो नए तीव्रगामी राजमार्गों के निर्माण का किसी अर्थव्यवस्था के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) और कल्याण पर संभावित प्रभावों को विस्तार से बताइए। [2]

अथवा

(ख)

राष्ट्रीय आय की गणना करते समय आप निम्नलिखित के साथ किस प्रकार व्यवहार करेगें? कारण सहित उत्तर की व्याख्या कीजिए।

i. भारत में स्थित रूसी दूतावास में कार्यरत अनिवासी भारतीयों को प्राप्त वेतन। [1]

ii. किसी भारतीय बैंक द्वारा विदेश में स्थित शाखाओं से अर्जित लाभ। [1]

iii. सरकार को प्राप्त मनोरंजन कर। [1]

(II) एक फर्म X के बारे में वर्ष 2000 - 2001 के लिए निम्नलिखित आँकड़ों से, बाजार [3]

कीमत पर शुद्ध मूल्य वृद्धि ज्ञात कीजिए ।

| मदें | (करोड़ में) |
| --- | --- |
| बिक्री | 90 |
| अन्तिम स्टॉक | 25 |
| प्रारंभिक स्टॉक | 15 |
| अप्रत्यक्ष कर | 10 |
| मूल्यह्रास | 20 |
| मध्यवर्ती उपभोग | 40 |
| कच्चे माल की खरीद | 15 |
| किराया | 5 |

17 निम्नलिखित अनुछेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए :-

केंद्रीय बजट 2025 26 में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कई उपाय प्रस्तुत किए गए । यह कृषि निवेश व निर्यात के साथ-साथ भारत की विकास यात्रा में MSME की भूमिका को एक प्रमुख इंजन के रूप में मान्यता देता है । भारत के औद्योगिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में MSMEs क्षेत्र, विनिर्माण क्षेत्र, निर्यात व रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।

नए बजटीय प्रावधानों का उद्देश्य नवाचार को प्रोत्साहित करके प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करके तथा संसाधनों तक बेहतर पहुँच सुनिश्चित करके, एक सुदृढ़ नींव का निर्माण करना है ।

इसके अलावा उद्यम पंजीकरण पोर्टल, PM विश्वकर्मा, PMEGP,SFURTI तथा सार्वजनिक क्रय नीति जैसी सरकार की विद्यमान पहलों ने MSMEs को एकीकृत व सशक्त बनाने की दिशा में एक संयुक्त प्रयास को प्रदर्शित करना जारी रखा है

दिए गए अनुछेद के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(क) "MSMEs भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।"
क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में मान्य तर्क प्रस्तुत कीजिए । [3]

(ख) MSMEs को सशक्त करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए प्रमुख उपायों की व्याख्या कीजिए । [3]

## खंड - ब (भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास)

18 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढिये: -

**कथन 1:-** औपनिवेशिक शासन के दौरान, बुनियादी ढाँचे (जैसे रेलवे, डाक और तार आदि) का विकास किया गया। [1]

**कथन 2:-** भारत में बुनियादी ढाँचे के विकास का वास्तविक उद्देश्य ब्रिटिश हितों को मज़बूत करना था।

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

विकल्प:-

(अ) कथन 1 सत्य और कथन 2 असत्य है।

(ब) कथन 1 असत्य और कथन 2 सत्य है।

(स) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(द) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

19 निम्नलिखित विकल्पों में से कौनसा विकल्प कृषि विपणन प्रणाली के अनुपयुक्त घटक संयोजन को दर्शाता है:- [1]

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

विकल्प:-

(अ) संग्रहण, भंडारण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग

(ब) उत्पादन, संग्रहण, प्रसंस्करण, वर्गीकरण

(स) संग्रहण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, परिवहन

(द) प्रसंस्करण, पैकेजिंग, वर्गीकरण, वितरण

20 भूमि सुधार ________ से संबंधित सुधारों को संदर्भित करते हैं।

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।) [1]

विकल्प:-

(अ) भू-राजस्व

(ब) जोतों का स्वामित्व

(स) जोतों का आकार

(द) उपरोक्त सभी

21 राष्ट्रीय स्तर पर वह शीर्ष संस्थान कौनसा है जो ग्रामीण ऋण उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं को पुनर्वित्त सुविधा प्रदान करता है? [1]

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

विकल्प:-

(अ) SIDBI

(ब) NABARD

(स) SBI

(द) RBI

22 निम्नलिखित दिए गए विकल्पों में से नियमित कृषि बाजार के उन उद्देश्यों की पहचान कीजिए जो नियमित कृषि बाजार के उद्देश्य नहीं है । [1]

(i) किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाने के लिए विपणन प्रणाली को कुशल और प्रभावी बनाना।

(ii) किसानों के लिए विपणन अवसंरचना में सुधार को हतोत्साहित करना।

(iii) किसानों के शोषण को रोकना ।

(iv) किसानों को उपज की गुणवत्ता और मात्रा में सुधार हेतु हतोत्साहित करना।

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

विकल्प:-

(अ) (i) और (ii)

(ब) (i) और (iii)

(स) (iii) और (iv)

(द) (ii) और (iv)

23

ब्रिटिश शासन के दौरान, भारत के विदेशी व्यापार में _______ को छोड़कर विभिन्न विशेषताएँ थीं। [1]

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

विकल्प:-

(अ) वस्तु उत्पादन, व्यापार और प्रशुल्क संबंधी प्रतिबंधात्मक नीतियाँ

(ब) भारत के निर्यात और आयात पर ब्रिटिश एकाधिकार

(स) भारत का शेष विश्व से मुक्त व्यापार

(द) विशाल निर्यात अधिशेष

24

आधुनिकीकरण एक महत्वपूर्ण आर्थिक नियोजन उद्देश्य है, जो _________ पर केंद्रित है। [1]

(रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

(i) नवीन प्रौद्योगिकी को अपनाना

(ii) आय और धन का समान वितरण

(iii) सामाजिक दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन लाना

विकल्प:-

(अ) केवल (i)

(ब) (i) और (ii)

(स) (i) और (iii)

(द) (i), (ii) और (iii)

25

_______________ खेती एक ऐसी प्रणाली है, जो पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने, बनाए रखने और बढ़ाने में सहायक है। [1]

(रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

विकल्प:-


(अ) पारंपरिक

(ब) जैविक

(स) रासायनिक

(द) बहुस्तरीय

26 मानव पूँजी निर्माण के स्रोतों की पहचान कर, रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए [1]




विकल्पः-

(अ) स्वास्थ्य पर व्यय और स्कूलों पर व्यय।
(ब) प्रौद्योगिकी पर व्यय और ज्ञान पर व्यय।
(स) प्रवासन पर व्यय और ज्ञान पर व्यय।
(द) स्वास्थ्य पर व्यय और प्रवसन पर व्यय।

27 निम्नलिखित कथनों को पढिये - अभिकथन (A) और कारण (R) सही विकल्प का चयन कीजिए। [1]

**अभिकथन (A)** - हाल के दिनों में, भारतीय अर्थव्यवस्था रोजगार रहित संवृद्धि की समस्या का सामना कर रही है।

**कारण (R)** - रोजगार रहित संवृद्धि से तात्पर्य ऐसी स्थिति से है जहाँ कोई अर्थव्यवस्था अतिरिक्त रोज़गार उत्पन्न किए बिना अधिक वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करने में सक्षम होती है।

**विकल्प** :-

(अ) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(ब) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(स) अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है ।

(द) अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है ।

28 (अ) उन कारणों को विस्तार से बताइए जिनके कारण औद्योगिक नीति प्रस्ताव, 1956 (IPR) के अंतर्गत निजी क्षेत्र को विनियमित किया गया था। [3]

अथवा

(ब)1950-1990 की अवधि के दौरान भारतीय औद्योगिक क्षेत्र की किन्हीं दो प्रमुख विशेषताओं पर व्याख्या कीजिए। [3]

29 'भारत में महिलाओं की तुलना में, अधिक पुरुष काम करते हैं। यह देखा गया है कि प्रत्येक 100 शहरी महिलाओं पर लगभग 15 ही काम करती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, प्रत्येक 100 ग्रामीण महिलाओं पर लगभग 25 ही काम करती हैं।' [3]

उपरोक्त कथन पर उचित कारण बताते हुए व्याख्या कीजिए।

30 (अ)

i) "भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, कार्यरत शिक्षकों के प्रशिक्षण पर बहुत ज़ोर देती है।" दिए गए कथन के संदर्भ में, किसी भी राष्ट्र के शिक्षा क्षेत्र के उत्थान में कार्य के दौरान प्रशिक्षण के किन्हीं दो लाभों को बताएँ और उनकी व्याख्या कीजिए। [3]

(ii) अनियमित श्रम रोजगार को परिभाषित कीजिए। [1]

अथवा

(ब)

(i) नियमित वेतनभोगी रोजगार में महिलाओं की कम संख्या के किन्हीं दो कारणों को स्पष्ट कीजिए। [3]

(ii) श्रमिक-जनसंख्या अनुपात को परिभाषित कीजिए। [1]

31 उपयुक्त कारण सहित बताइए कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं या असत्य।

i. औपनिवेशिक शासन के दौरान भारत का असंतुलित विकास हुआ। [2]

ii. 1950-1990 के बीच भारत में लागू की गई आर्थिक नीतियों का उद्देश्य क्षेत्रीय समानता को बढ़ावा देना था। [2]

32 निम्नलिखित कथन सत्य है या असत्य, उचित कारण सहित बताइए -

i. उच्च उत्पादकता और उत्पादन मानव संसाधनों में निवेश का परिणाम हैं। [2]

ii. बढ़ती जनसंख्या मानव पूँजी निर्माण की गुणवत्ता को प्रभावित नहीं करती है। [2]

33 (अ)

(i) 'भारत सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करके स्वयं को ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में बदल सकता है।' दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। [4]

(ii) किसी देश में मानव पूँजी की वृद्धि में, किफायती स्वास्थ्य सुविधाओं के योगदान की व्याख्या कीजिए। [2]

अथवा

(ब)

(i) मानव पूँजी और आर्थिक विकास के बीच संबंध की व्याख्या कीजिए। [3]

(ii) मेधा और दानिश दोनों के अपने-अपने खेत थे। मेधा ने कुछ कृषि पाठ्यक्रमों में निवेश किया, आधुनिक कृषि तकनीकें सीखीं और अपने मजदूरों को मिट्टी की उर्वरता, फसल प्रबंधन, कीट नियंत्रण आदि से संबंधित सर्वोत्तम कार्य अभ्यासों का प्रशिक्षण दिया। जबकि, दानिश ने उन्नत कृषि मशीनरी, सिंचाई प्रणाली और उच्च गुणवत्ता वाले बीज खरीदकर भारी निवेश किया।

क्या आप इस बात से सहमत हैं कि दानिश ने मानव पूँजी में निवेश किया? अपने उत्तर के समर्थन में उचित कारण भी बताइए। [3]

34 निम्नलिखित अनुछेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए :-

जुलाई 1991 के बजट के साथ-2, भारतीय अर्थव्यवस्था का एक बाह्य-उन्मुख, बाजार-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर, में स्पष्ट बदलाव हुआ। बजट में शुरू किए गए उदारीकरण के उपाय बहुत व्यापक थे, हालाँकि उनकी गति धीमी रही और कभी-कभी कुछ रुकावटें भी आईं।

1991 के सुधारों ने कुछ मध्यवर्ती आगतों और पूँजीगत वस्तुओं को छोड़कर बाकी सभी पर आयात लाइसेंसिंग को समाप्त कर दिया।

उपभोक्ता वस्तुएँ, लाइसेंसिंग के अंतर्गत रहीं, जो कि टैरिफ का लगभग 30% हिस्सा हैं तथा लगभग एक दशक बाद, विश्व व्यापार संगठन (WTO) में भारत के व्यापारिक साझेदारों द्वारा सफल चुनौती दिए जाने के बाद, इन वस्तुओं को लाइसेंसिंग से मुक्त किया गया।

आज, पर्यावरण/स्वास्थ्य/सुरक्षा के आधार पर प्रतिबंधित कुछ वस्तुओं को छोड़कर, सभी वस्तुओं का आयात बिना लाइसेंस या अन्य प्रतिबंधों के किया जा सकता है।

लाइसेंसिंग व्यवस्था समाप्त होने के साथ, टैरिफ दरें आयातों पर प्रभावी प्रतिबंध बन गईं। इसलिए, सुधारों का एक प्रमुख कार्य टैरिफ दरों को कम करना रहा । टैरिफ में कटौती मुख्यतः गैर-कृषि, औद्योगिक वस्तुओं तक ही सीमित रही है।

इसलिए, उदारीकरण ऐसी वस्तुओं पर सख्ती से लागू होता है। टैरिफ दरों में क्रमिक कमी के माध्यम से टैरिफ में कमी हासिल की गई है। टैरिफ बैंड की संख्या में कमी के माध्यम से टैरिफ संरचना को एक साथ युक्तिसंगत बनाने से इस दिशा में मदद मिली।

दिए गए अनुछेद के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(क) “1991 के बजट में शुरू किए गए व्यापारिक उदारीकरण सुधार बहुत व्यापक थे।” [3]
1991 में शुरू किए गए किन्हीं दो व्यापारिक सुधारों की व्याख्या करते हुए दिए गए कथन की पुष्टि कीजिए।

(ख) ऐसे दो क्षेत्र बताइए जहाँ टैरिफ में कटौती की गई। [3]